पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), *E-mail ID- academicprsu2@gmail.com*

क्रमांक : 1922/अका./दीक्षांत/2023 रायपुर, दिनांक : 18/05/2023

प्रति,

समस्त आवेदक

(गोल्ड मेडल, डी.लिट एवं पीएच.डी. उपाधि हेतु)

विषय : दिनांक 24 मई, 2023 को आयोजित 26वाँ दीक्षांत समारोह में आमंत्रण बाबत्।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का 26वाँ दीक्षांत समारोह, दिनांक 24 मई, 2023 को समय 11.30 बजे आयोजित है, इसमें आप सादर आमंत्रित हैं। इस कार्यालय का अधिसूचना क्र. 1670/अका./दीक्षांत/2023 दिनांक 06.04.2023 के अनुक्रम में **दीक्षांत समारोह शोभा–यात्रा का पूर्वाभ्यास दिनांक 23.05.2023 को प्रातः 11.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर में आयोजित है।**

गाऊन के स्थान पर निर्धारित वेश भूषा की जानकारी निम्नानुसार हैः–

माननीय अतिथि	विशिष्टकरण सहित परिधान	
गोल्ड मेडल छात्र–छात्रा, डी.लिट एवं पी–एच.डी. हेतु	**(A) सफेद कुर्ता–पायजामा** **(B) कोसा रंग की प्लेन (Plain) साड़ी** **(C) पगड़ी**	
	(D) दुपट्टा (Stoll) :–	
	(i) गोल्ड मेडल हेतु	**साटन सिल्क – पिले रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा**
	(ii) पी–एच.डी.	**साटन सिल्क – लाल रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा**

टीप : पगड़ी एवं दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, शेष परिधान स्वयं के द्वारा धारण कर दीक्षांत समारोह स्थल पर उपस्थित होंगे। महिलाओं के लिये पगड़ी ऐच्छिक (Optional) होगा।

पगड़ी एवं दुपट्टा का वितरण दिनांक 23.05.2023 को प्रातः 9.00 बजे *पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर* में किया जावेगा।

अनुज्ञा–पत्र का वितरण दिनांक 19.05.2023 से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन से उपाधि कक्ष से प्राप्त किया जा सकता है।

26वाँ दीक्षांत समारोह में आमंत्रित समस्त गोल्ड मेडल छात्र–छात्रा एवं पी–एच.डी. उपाधि प्राप्तकर्ताओं से अनुरोध है कि आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र के साथ दिनांक 23.05.2023 को आयोजित पूर्वाभ्यास में **प्रातः** 9.00 बजे उपस्थित होकर पगड़ी एवं दुपट्टा प्राप्त करें। इसी प्रकार दिनांक 24.05.2023 को आयोजित कार्यक्रम में भी प्रातः 9.00 बजे *पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर* में उपस्थित होने का कष्ट करें।

आदेशानुसार,

18/5/23

कुलसचिव

पृ. क्रमांक : 1923/अका./दीक्षांत/2023 रायपुर, दिनांक : 18/05/2023

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी अधिकारी वेश–भूषा वितरण (26वाँ दीक्षांत समारोह) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. 26वाँ दीक्षांत समारोह के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित समिति के समन्वयकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, उपाधि विभाग को समस्त आवेदकों (पीएच.डी. एवं गोल्ड मेडल) को सूचित करने हेतु।
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद,
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/ प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित किये जाने हेतु।
7. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उप–कुलसचिव (अका.)